


# सशक्त भारत

सूर्या फाउण्डेशन मासिक पत्रिका

फरवरी, 2024
वर्ष : 21
अंक : 04
₹ 3 प्रति


## मेरा गांव मेरा बड़ा परिवार








गाँव के विकास से भारत
का विकास का मॉडल –
यही उद्देश्य हमारे सामने है।
हमारा विश्वास है।
– हम होंगे कामयाब।

# कार्यकर्ता
## प्रशिक्षण शिविर



सूर्या साधना स्थली झिंझोली में पाँच दिवसीय कार्यकर्ता दक्षता वर्ग का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे देशभर से 33 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, वर्ग में पिछले तीन माह में हुए कार्यो की समीक्षा और आगामी 3 माह में होने वाले कार्यो की योजना बनाई गयी। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं के स्किल डेवलपमेंट एवं ग्राम विकास को ध्यान रखते हुए प्राकृतिक कृषि, गौ आधारित खेती, गौ कृपा अमृतम बनाने के विधि, मल्टीलेयर कृषि पद्धति का प्रशिक्षण और डेयरी प्रशिक्षण के विषय में जानकारी के साथ-साथ प्रयोग भी कराये गये। बैठक में गौ आधारित कृषि के एक्सपर्ट भगत सिंह भाई पुरोहित (अहमदाबाद) और लेखराम जी करोड़पति किसान (राजस्थान) आए हुए थे, जिनका कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन मिला, साथ ही बैठक में संस्था के चेयरमैन पद्मश्री जय प्रकाश अग्रवाल जी के साथ-साथ सूर्या फाउण्डेशन के वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन मिला।






# झिंझोली मेला

**झिंझोली, सोनीपत (हरियाणा)**

बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर झिंझोली गाँव के शिव मंदिर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मेले का आयोजन किया गया जिसमें सूर्या फाउण्डेशन द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता कराई गई। इसमें महिला एवं पुरुषों की रस्साकस्सी, महिलाओं की म्युजिकल चेयर, बहनों की नीबू चम्मच दौड़, भैय्याओं का बोरा दौड़, और संस्कार केन्द्र के भैय्या बहनों की गणगीत प्रतियोगिता करायी गयी। जिसमें झिंझोली, हलालपुर और कतलूपुर के बच्चों ने भाग लिया, कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरुस्कार देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में संस्था के वरिष्ठ अधिकारियों जनों और मेला समिति के सदस्य उपस्थित रहे।





मटका दौड़



मेला समिति

## तीन दिवसीय

# खेलकूद प्रतियोगिता



झिंझोली, सोनीपत (हरियाणा) में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता (2023-24) का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 8 राज्य (उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, हरियाणा, मध्यप्रदेश राजस्थान गुजरात, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश) से चयनित टीम के 91 युवा खिलाडियों ने भाग लिया। जिसमें खो-खो और वालीबॉल के खिलाड़ी शामिल रहे। पिछले एक माह से पूरे देशभर में चल रहे खेलकूद प्रतियोगिता के 10 चयनित टीम को साधना स्थली झिंझोली में बुलाकर प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें उत्तराखण्ड की टीम वॉलीवाल प्रतियोगिता में विजेता एवं हिन्दूपुर उप विजेता रही साथ ही राजस्थान की टीम खो-खो प्रतियोगिता में विजेता बनी तो बृज मथुरा की टीम उप विजेता रही।









प्रतियोगिता के दौरान खिलाडियों को खो-खो, कबड्डी वालीबॉल, फुटबॉल खेलों की बारीकियों के विषय में भी जानकारी दी गई। साथ ही दिल्ली भ्रमण भी कराया गया। स्पोर्ट्स कैम्प के दौरान आ. पद्मश्री जयप्रकाश अग्रवाल जी (चेयरमैन-सूर्या फाउण्डेशन) उन्होंने स्वामी विवेकानंद, शिवाजी और जीवन में खेल के महत्व के बारे मे खिलाडियों का मार्गदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में आ. कॅप्टन सर, आ. वेद जी (वाईस चेयरमैन-सूर्या फाउण्डेशन), आ. हेमंत शर्मा जी (वाईस चेयरमैन-सूर्या फाउण्डेशन), आ. कामेश्वर जी (ट्रस्टी-सूर्या फाउण्डेशन), आ. प्रमोद आसरे जी (आदर्श गाँव योजना प्रमुख) की उपस्थिति में संपन्न हुआ।





# स्वयं सहायता समूह से जुड़कर महिलायें हो रही आत्मनिर्भर

**मध्य प्रदेश –**

कुबरेश्वर धाम, सीहोर में महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों का स्टॉल लगाया गया। जिसमें सीहोर पुलिस विभाग के अधिकारियों व अन्य लोगों ने महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों की खरीददारी की। समूह की महिलाएँ अन्य स्थानों पर भी स्टॉल लगाकर अपने सामानों की बिक्री कर रही हैं।




**दिल्ली –**

स्कूल भारती आर्गेनाइजेशन के सेमिनार में स्वंय सहायता समूह की बहनों के द्वारा बनाए गए उत्पाद का सूर्या फाउण्डेशन कार्यालय पश्चिम विहार, दिल्ली में स्टॉल लगाया। जिसमें संस्था के वाइस चेयरमैन आ. वेद जी ने स्टॉल का विजिट किया।




**उत्तराखण्ड –**

संस्था द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को हैंडीक्राफ्ट का प्रशिक्षण दिया गया। हैंडीक्राफ्ट का कार्य कर रही बहनों को 50 गणपति जी बनाने का ऑडर सूर्या रोशनी प्लांट, काशीपुर से मिला। इससे महिलाओं में अपने कार्य के प्रति आत्मविश्वास बढ़ा है।



सशक्त महिला समाज



गाँव गोल्लापुरम, हिन्दूपुर (आन्ध्र प्रदेश) में **प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना** के अन्तर्गत संस्था की टीम के द्वारा गाँव के लोगों को फिंगर प्रिंट के माध्यम से एक्टिव करके कार्ड दिया गया। इस कार्ड के माध्यम से लोग निजी अस्पतालों में मुफ्त ईलाज करा सकते हैं। पहले प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से 5 लाख तक का ईलाज करा सकते थे। लेकिन अब सरकार ने इसे बढ़ाकर 25 लाख तक कर दिया है। किसी भी अच्छे अस्पताल में किसी भी बीमारी के ईलाज के लिए सरकार 25 लाख तक का भुगतान करती है।



# सरकारी योजनाओं को घर-घर पहुँचाने का प्रयास

# स्वच्छता रैली

गाँव टीला, उधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड) में सूर्या संस्कार केन्द्र के बच्चों द्वारा जागरूकता के लिए समय-समय पर रैली निकाली जाती है और बच्चों के माध्यम से माह में दो बार सार्वजनिक स्थानों पर सफाई भी की जाती है। इस कार्यक्रम के माध्यम से गाँव के लोग जुड़ रहे हैं और अपने गाँव को स्वच्छता की ओर अग्रसर कर रहे हैं। साथ ही **मेरा गाँव साफ हो-इसमें सबका हाथ हो** इसका संदेश भी दे रहे हैं। इससे गाँव के लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है।






सशक्त भारत के प्रकाशक, मुद्रक-बिग्रेडियर डी.सी. पंत (सेवानिवृत्त) द्वारा सूर्या फाउण्डेशन के लिए बी-3/330, पश्चिम विहार, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं एक्सपो प्रिंट एवं मीडिया ज्वालाहेड़ी, पश्चिम विहार, नई दिल्ली-110063, से मुद्रित
सम्पादक : प्रमोद कुमार आसरे

Licence No. DL(W) 10/2109/2024-26
R.N.I. No. DELHIN/2003/09359
U Licence : U (W) - 09/2024-26
Date of Publication : 04 Apr, 2024
Date of Postage : 7-8 Apr, 2024
Place of Posting : NIE Post Office

# समाचार पत्रों में झलकियाँ...

## झिंझोली के शिव मंदिर में बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में लगाया मेला

खरखौदा, 15 फरवरी (शर्मा): झिंझोली गांव के शिव मंदिर मेले का बसंत पंचमी के अवसर पर हवन पूजन के साथ शुरू हुआ।

सूर्या फाउंडेशन द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें महिला एवं पुरुषों की रस्साकशी, महिलाओं की म्यूजिकल चेयर, नींबू चम्मच दौड़, बोरा दौड़, समूह गान प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें झिंझोली, हलालपुर और कलनपुर के बच्चों ने भाग लिया।

इस मौके पर प्रमोद आसरे, विशाल अग्रवाल, राजेन्द्र झिंझोली, हिमांशु, पुरुषोत्तम, शत्रुघ्न लाल कश्यप, संजय तिवारी, मेला समिति के सदस्य जय कुमार, संदीप, सचिन, नवीन, अमित, नरेंद्र, आदित्य, हिमांशु, अर्जुन आदि उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

बोरा दौड़ में अंकित प्रथम, शिव द्वितीय, नींबू दौड़ में रिपिका प्रथम और मानसी द्वितीय, मटका दौड़ में कविता प्रथम, मोनिका द्वितीय और म्यूजिकल चेयर में पूनम प्रथम, सुमन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समूह गान प्रतियोगिता में संस्कार केंद्र झिंझोली ने प्रथम और हलालपुर केंद्र ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते आयोजक।

## वॉलीबॉल में उत्तराखंड की टीम रही विजेता



खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते सूर्या फाउंडेशन के पदाधिकारी

सवेरा न्यूज / कुलदीप सिंह खरखौदा : साधना स्थली झिंझौली में चल रही दो दिवसीय प्रतियोगिता संपन्न हो गई। इस प्रतियोगिता में 8 राज्य उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, मध्यप्रदेश राजस्थान गुजरात, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश से चयनित टीमों के 91 खिलाडियों ने भाग लिया। जिसमें 44 खो खो और 47 वालीबॉल के खिलाड़ियों ने भाग लिया। पिछले एक माह से देश भर में चल रही खेल कूद प्रतियोगिता की 10 चयनित टीमों को साधना स्थली झिंझौली में बुलाकर प्रतियोगिता कराई गई। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में उत्तराखंड की टीम विजेता व हिन्दुपुर उप विजेता रहा। राजस्थान की टीम खो खो में विजेता बनी, तो बृज मथुरा की टीम उप विजेता रही। कैम्प के दौरान खिलाड़ियों को खो खो कबड्डी वालीबॉल, फुटबॉल खेलों की बारीकियों के विषय में भी जानकारी दी गई। विजेता टीम के खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी खिलाड़ियों का दिल्ली भ्रमण भी कराया गया। सूर्या फाउंडेशन अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल, स्वामी विवेकानंद, शिवाजी ने जीवन में खेल के महत्व के बारे में खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में मुकेश त्रिपाठी, अजय खरसन, शत्रुघ्न लाल कश्यप, अरुण राजपूत, आदर्श मिश्रा आदि का विशेष सहयोग रहा।

## "खो-खो में राजस्थान की टीम बनी विजेता"




बॉडीज ऑफ पत्रिका

जयपुर हरीश शर्मा सूर्या साधना स्थली झिंझोली में दो दिवसीय स्पोर्ट्स टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें देशभर से आई खो-खो व वॉलीबॉल की टीमों ने भाग लिया। सूर्या फाउंडेशन आदर्श गांव योजना प्रमुख प्रमोद के अनुसार खो-खो व वॉलीबॉल प्रतियोगिता में 8 राज्य से चयनित टीम के 91 युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें 44 खो खो की और 47 वॉलीबॉल के खिलाड़ियों ने भाग लिया। खो-खो की प्रतियोगिता में राजस्थान की टीम विजेता व बृज मथुरा की टीम उपविजेता रही। वहीं वॉलीबॉल में उत्तराखंड की टीम विजेता और हिंदूपुर की टीम उपविजेता रही। समापन समारोह वेद वाईस चेयरमैन, सूर्या फाउंडेशन, हेमंत शर्मा वाईस चेयरमैन सूर्या फाउंडेशन, कामेश्वर ट्रस्टी सूर्या फाउंडेशन की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

## झिंझौली में पांच दिवसीय दक्षता वर्ग का आयोजन

खरखौदा। सूर्या साधना स्थली झिंझौली में पांच दिवसीय कार्यकर्ता दक्षता वर्ग का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रदेशों के 33 कार्यकताअरं ने भाग लिया। वर्ग में पिछले तीन माह में हुए कार्यों की समीक्षा और आगामी 3 माह में होने वाले कार्यों की योजना बनाई गई। बैठक के दौरान कार्यकताअरं के स्किल डेवलपमेंट एवं ग्राम विकास को ध्यान रखते हुए प्राकृतिक कृषि, गौ आधारित खेती, गौ कृपा अमृतम बनाने के विधि, मल्टीलेयर कृषि पद्धति प्रशिक्षण और डेयरी प्रशिक्षण के विषय में जानकारी दी गई।